Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 24-08-2005

Participants : Singh Shri Ramsevak

>

Title : Need to check declining ground water level in the country.

श्री राम सेवक सिंह (ग्वालियर) : सभापति महोदय, मैं देश में सबसे अधिक आबादी वाले किसानों की दुर्दशा की ओर आपका ध्यान आकर्िात करना चाहता हूं। हमारा भारतर्वा कृाि प्रधान देश है। यहां कि 80 प्रतिशत जनता कृाि पर आश्रित है । आजकल देश में भू-जल स्तर लगातार गिरता जा रहा है, जिसकी वजह से किसान अच्छी फसल नहीं ले पा रहे हैं। महोदय मैं भी किसान परिवार से हूँ और एहसास कर सकता हूँ कि इस भया वह स्थिति से किसान कितना दुखी है । मेरे ग्वालियर-चम्बल संभाग में 300 और 400 फीट तक के जो ट्यूबवैल थे, वे सूख चुके हैं। इसके कारण किसान अपनी फसल का उत्पादन नहीं कर पा रहे हैं। मैंने ग्रामीण विकास मंत्रालय में एक प्रोजैक्ट दिया है, जिसमें पंचायतों में बने हुए जो तालाब जीर्ण-शीर्ण अवस्था में हैं, उन तालाबों को ठीक किया जाए, उनमें वार्ा जल-संचय हो जिससे वहां वाटर लैवल बढ़ सके।

MR. CHAIRMAN: Hon. Member, please conclude.

श्री राम सेवक सिंह : मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से निवेदन करता हूं कि वह किसानों की दुर्गति को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में जितने भी तालाब जीर्ण-शीर्ण हालत में हैं, उन्हें तुरंत पूर्ण किया जाए। धन्यवाद।